REOC "मैत्री क्लब" संक्षिप्त विवरण–

रेल विद्युतीकरण अधिकारी क्लब 'मैत्री' की कमान 'संरक्षक' (महाप्रबंधक/कोर) के हाथों में होती है, जिसका नेतृत्व क्लब के ' अध्यक्ष' के द्वारा किया जाता है। वर्तमान में आरईओसी 'मैत्री' क्लब की प्रबंधन समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, खजांची के अलावा खानपान समिति, सांस्कृतिक समिति, स्पोर्टस एंड एडवेंचर समिति तथा स्टैंडिंग लॉजिस्टिक कमेटी भी कार्यरत है।

| | |
|---|---|
| संरक्षक– | **श्री संजय कुमार श्रीवास्तव (महाप्रबंधक)** |
| अध्यक्ष – | **श्री आर.एन.सिंह (प्र.मु.सं. एवं दू.सं.इंजी)** |
| उपाध्यक्ष– | **श्री उपेन्द्र कुमार (मु.वि.इंजी.)** |
| सचिव– | **श्री के.के.श्रीवास्तव (उप.विसमुलेधि)** |
| संयुक्त सचिव– | **श्री पी.के.सिंह (उप.म.प्र./विधि)** |
| कोषाध्यक्ष– | **श्री ए.बी.अग्रवाल (उप.मु.वि.इंजी.)** |
| प्रबंधक– | **श्री बी.एन.झा (व.अ.अ/लेखा)** |

आरईओसी 'मैत्री' क्लब में वर्तमान में कुल 62 सदस्य है। इनमें से कोर के 21 अधिकारीगण, उत्तर मध्य रेलवे के 20 अधिकारीगण, मण्डल के 7 डॉक्टर्स, 12 सेवानिवृत्त अधिकारीगण एवं 02 पूर्व सदस्य शामिल है।

आरईओसी 'मैत्री' क्लब में मनोरंजन के लिए एक बड़ा हॉल है। इस हॉल से लगा हुआ एक डाइनिंग हॉल तथा नृत्य प्रशिक्षण के लिए एक कक्ष है। रेल अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों की विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रूचि उत्पन्न करने एवं उसे बढ़ाने के उद्देश्य से आरईओसी 'मैत्री' क्लब में प्रायः मनोरंजक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। समय–समय पर आयोजित होने वाली 'क्लब संध्या' के दौरान रेल अधिकारियों के परिवारजनों को अपनी प्रतिभा–प्रदर्शन एवं उसे निखारने का अच्छा अवसर प्राप्त होता है।

आरईओसी 'मैत्री' क्लब के परिक्षेत्र में रेल अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए खेल–कूद संबंधी निम्न सुविधाएं उपलब्ध है–

1. लकड़ी की सतह वाला एक बैडमिंटन कोर्ट
2. टेबिल–टेनिस
3. बिलियर्ड/स्नूकर
4. जिम– जिम में शारीरिक व्यायाम से संबंधित आधुनिक उपकरणों के अलावा 02 ट्रेड मिल, 02 क्रॉस ट्रेनर, 02 मोटराइज्ड साइकिल आदि प्रमुख उपकरण उपलब्ध है।
5. आधुनिक साउंड सिस्टम के साथ Karaoke पर गाने के अभ्यास की सुविधा भी उपलब्ध है।